तापमान

अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 2.4 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 16 जनवरी 2024



11 राजकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह





12 मकर संक्रांति पर महक उठी हरियाणवी लोक कला




## खबर संक्षेप

### बिजली की शिकायतों का निवारण कल

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 17 जनवरी को मुख्य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी।

### पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को दबोचा

**हांसी।** जिलेभर में पीओ व बेल जंपर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान मिर्चपुर निवासी जोगिन्द्र के रुप में हुई। आरोपित को चेक बाउंस मामले अदालत ने उद्घोषित आरोपित करार दिया हुआ था।

### ताश के पत्तों से जुआं खेलते 5 को पकड़ा

**हांसी।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाते हुए जुआ व सट्टा के खिलाफ चलाया जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना शहर हांसी पुलिस ने ताश के पत्तों द्वारा जुआ खेलते हुए 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के कब्जे से 14500 रुपये बरामद कर किए। आरोपितों की पहचान मंडी सैनियान निवासी विकास, कपिल, मुलतान कालोनी निवासी राजीव, कृष्णा कॉलोनी निवासी रुपेश तथा चार कुतुब गेट निवासी गोविन्द के रुप में हुई है।

### भीख नहीं किताब दो संस्था के छात्रावास का दौरा

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था के छात्रावास प्रांगण में जीजेयू की कुलपति की धर्मपत्नी डॉ. वंदना बिश्नोई व रजिस्ट्रार की धर्मपत्नी वीना छोकर, गर्ल्स हॉस्टल चीफ वार्डन प्रो. सुजाता संघी, डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. विनीता चौहान, एनएसएस कॉर्डिनेटर डॉ. अंजू गुप्ता ने भ्रमण किया। उन्होंने अपने बहुत ही प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच कराने की मांग

**हांसी।** आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने गीता चौक भ्रमण के बाद ट्विटर पर सीएम मनोहर लाल, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व प्रधानमंत्री कार्यालय को हांसी के नवनिर्मित गीता चौक पर हुए कार्यों की गुणवत्ता जांच की मांग की है। जैन ने कहा कि इस मामले में विधायक विनोद भ्याना को भी संज्ञान लेना चाहिए वरना लोग आपकी मंशा पर भी सवाल उठाएंगे।

### नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण व होर्डिंग्स

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम ने सोमवार को शहर से अवैध होर्डिंग्स व अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त प्रदीप दहिया के निर्देशानुसार अतिक्रमण व अवैध होर्डिंग्स हटाए गए हैं। उन्होंने बताया कि राजगुरु मार्केट, रेलवे स्टेशन जाट कॉलेज की तरफ, तेलियान पुल के अलावा अन्य क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया।

### बिजली कर्मियों का धरना छठे दिन भी जारी

**हांसी।** स्टाफ की कमी को पूरा करने की मांग को लेकर आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कार्यकारी अभियंता हांसी की कार्रवाई के खिलाफ सब यूनिट हांसी में छठे दिन यूनियन सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में धरना लगाया। धरने का संचालन सहसचिव सचिन ने किया। धरने पर राज्य प्रेस सचिव सुरेंद्र यादव, सुरेंद्र हुड्डा, अशोक यादव, सतीश शर्मा, दलबीर माथुर, राजेन्द्र आदि मौजूद थे।

## साईं ऑटो इलेक्ट्रिक व एलपीजी गैस किट दुकान पर दी दबिश

# सीएम फ्लांइग के हांसी में ताबड़तोड़ छापे

- दुकान में अवैध रूप से रखे 8 भरे व 4 खाली घरेलू सिलेंडर व 2 मशीन की बरामद
- अवैध तरीके से घरेलू गैस सिलेंडरों से गाड़ियों में भरता था गैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सीएम फ्लाइंग की टीम ने सोमवार दोपहर हिसार चुंगी स्थित सांई ऑटो इलेक्ट्रिक व एलपीजी गैस सेंटर पर दबिश देकर दुकान के अंदर रखे घरेलू 12 गैस सिलेंडर बरामद किए। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग व स्थानीय पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद रही। सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापामारी के दौरान दुकान के अंदर से 8 भरे व 4 खाली मिले व गाड़ियों में गैस भरने वाली 2 मशीन जब्त की। सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा जब्त किए गैस सिलेंडर भारत गैस के बताए जा रहे हैं। सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा दुकान में अनाधिकृत रूप से गैस सिलेंडर रखने के आरोप में दुकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए शिकायत दी गई है।

### मिल रही थी शिकायतें

हिसार सीएम फ्लाइंग टीम के सब इंस्पेक्टर बजरंग ने बताया कि सीएम फ्लाइंग टीम को पिछले कई दिनों से साईं आटो इलेक्टिक व गैस रिपेयर सेंटर में अवैध रूप से गाड़ियों में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरने की सूचनाएं मिल रही थी और उन्हीं सूचनाओं के आधार पर सोमवार दोपहर खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर साई आटो इलैक्टिक व गैस रिपेयर दुकान पर दबिश दी तो उन्हें मौके से घरेलू गैस के 8 भरे व 4 खाली सिलेंडर बरामद किए हैं।

उन्होंने बताया कि जब दुकान मालिक से दुकान में गैस सिलेंडर रखने के लिए परमिशन लेटर या अन्य दस्तावेज दिखाने के लिए कहा गया तो वह मौके पर टीम के समक्ष कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके चलते पुलिस ने 12 गैस सिलेंडर व गाड़ियों में गैस भरने वाली 2 मशीन कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज के लिये पुलिस थाने में फाइल को भेजा गया। इस अवसर पर हिसार सीएम फ्लाइंग टीम के एसआई रामफल सिंह, एसआई बजरंग कुमार व खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर प्रदीप सैनी, एसआई दिलबाग व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।





हांसी। अवैध गैस सिलेंडर रखने वाले के मामले में कार्रवाई करती सीएम फ्लांइग की टीम व दुकान के बाहर रखे पकड़े गए गैस सिलेंडर। फोटो : हरिभूमि

### कई मामले आ चुके हैं सामने

*इससे पहले भी बाला जी गैस रिपेयर सेंटर पर छापेमारी कर 17 गैस सिलेंडर पकड़े थे। सीएम फ्लाइंग की टीम ने करीब एक माह पहले भी श्री काली देवी चौक के समीप स्थित बाला जी गैस रिपेयर सेंटर पर छापामारी कर दुकान के अंदर से घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए थे। उस दौरान 17 घरेलू सिलेंडर व गाडियों में गैस भरने वाली एक मशीन को जब्त किया था।*



नारनौंद। चोरी की वारदात के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। फोटो : हरिभूमि

## बैंक मैनेजर के घर से हजारों की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

- वारदात के समय मैनेजर परिवार के साथ गया हुआ था बिहार

**नारनौंद।** कस्बे में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर राजीव रंजन के घर से अज्ञात चोर हजारों रुपये की नगदी और गहने लेकर मौके से फरार हो गए। इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

मैनेजर राजीव रंजन ने बताया कि वह बिहार के जिले गया का रहने वाला है। वह नारनौंद के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर की पोस्ट पर तैनात है और नारनौंद में ही शांति हॉस्पिटल वाली गली में किराए के मकान पर रहता है। वह अपने परिवार के साथ एक जनवरी को बैंक से छुट्टी लेकर बिहार में अपने घर गया हुआ था। जब 15 जनवरी को सुबह नारनौंद वाले घर पर पहुंचा तो देखा कि कमरे के ताले टूटे हुए हैं। पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। जब सामान की जांच की तो अढ़ाई तोले सोने के गहने, 58 हजार रुपए, एलईडी, ब्रांडेड कपड़े सहित अन्य काफी सामान गायब मिला। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी चंद्रभान ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है। यह पता लगाया जाएगा की चोरी की वारदात कब की है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की जा रही है।

## सूर्यनगर अंडरपास पर दुर्घटना मामले में अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

- जिम्मेदार अधिकारियों की जेब से घायलों को मुआवजा दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सूर्य नगर अंडरपास पर हाल ही में हुई कार दुर्घटना के लिए जिम्मेवार एवं लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई करवाने तथा भविष्य में किसी दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने के लिए सूर्यनगर क्षेत्रवासियों ने उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त के माध्यम से यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, निकाय, लोक निर्माण मंत्री एवं मानवाधिकार आयोग को भेजा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि निमार्णाधीन अंडरपास की छत से गाड़ी के गिरने से हाल ही में दुर्घटना हुई है। कार चालक व उसका परिवार खुशकिस्मत रहा कि इतना भयंकर एक्सीडेंट होने के बाद भी जान बच गई। इस एक्सीडेंट की खबर को पढ़कर शहर का हर नागरिक चिंतित है। अंडरपास के निर्माण से जुड़े अधिकारी केवल बयान देने और लापरवाही पर लीपापोती करने पर ज्यादा ध्यान रखते हैं।

ज्ञापन में मांग की गई है कि इस मामले की उचित जांच करवाई जाए और इस मामले में लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए विभागीय कार्रवाई की जाए। यही नहीं, इसके जिम्मेवार अधिकारियों कि जेब से एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा दिलवाया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि अंडरपास के चारों तरफ अस्थाई दीवार का निर्माण करवाया जाए और जब तक निर्माण जारी है, तब तक वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु करने तथा आम व्यक्ति की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाए। अंडरपास व रेलवे लाइन के चारों तरफ उचित लाइटिंग का भी प्रबंध करवाया जाए।

ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल मे जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण, एडवोकेट विक्रम मित्तल, सूर्यनगर वासी सत्येन्द्र यदुवंशी, जसमेन्द्र ढुल, सतबीर खान व राहुल खंडेलवाल एडवोकेट शामिल रहे।



हिसार। कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन देते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

## डीसी ने कार्यालयों व पुलिस थानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

उपायुक्त उत्तम सिंह ने सोमवार को बरवाला के एसडीएम व तहसील कार्यालय तथा थाना बरवाला व उकलाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर एसडीएम को स्टाफ की कमी को पूरा करवाने के लिए रिक्वायरमेंट भिजवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कर्मचारियों के मेडिकल, एलटीसी से संबंधित लंबित बिलों व ग्रीवेंसीज पोर्टल, सीएम विंडो तथा जन संवाद से संबंधित लंबित फाइलों की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने आरसी लाइसेंस, लर्निंग लाइसेंस, आरटीएस, सीसीटीवी कैमरे से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। उपायुक्त ने लाइसेंस बनवाने के लिए आए अभ्यार्थी से मौके पर ही स्क्रीन टेस्ट करवा कर देखा। उन्होंने शौचालायों की सफाई व्यवस्था व पीने के पानी की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने एसडीएम से गांवों में नंबरदार व चौकीदार की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त द्वारा बरवाला तथा उकलाना थाने का भी निरीक्षण किया गया। एफआईआर फाइल व 1865 में लिखी उर्दू की एफआईआर, अमानतन असला, असलारूम, मालखाना रूम, रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया।



हिसार। कार्यालयों का निरीक्षण करते उपायुक्त उत्तम सिंह। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर एसीयूटी अर्पित सांगल, एसडीएम विजया मलिक, तहसीलदार जितेंद्र कुमार, डीएसपी गौरव शर्मा, नायब तहसीलदार रविंद्र शर्मा, एसएचओ महेंद्र आदि उपस्थित थे।

## 50 ग्राम सुल्फा सहित आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** नशे पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार दबिश देकर अवैध नशा का धंधा करने वाले लोगों को गिरफ्तार कर रही है। पुलिस की ने टीम ने 50 ग्राम सुल्फा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक की पहचान गांव बास अकबरपुर निवासी रूप सिंह के रुप मे हुई। एएनसी स्टाफ टीम विशेष अभियान के तहत सूचना मिली की एक व्यक्ति गांव बास में नशीला पदार्थ बेच रहा है। पुलिस की टीम ने तुरंत गांव में पहुंचकर मौके पर एक युवक को पकड़ा और आरोपित युवक के कब्जे से 50 ग्राम सुल्फा बरामद हुआ। आरोपित युवक को कोर्ट में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## दूध लेने जा रहे सब्जी मंडी के आढ़ती को पीटा

- पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

**हांसी।** अपने चाचा के घर दूध लेने जा रहे हांसी सब्जी मंडी में आढ़ती का करने वाले युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल युवक को राहगीरों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल मंडी सैनियान निवासी 27 वर्षीय पंकज की शिकायत के आधार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पंकज ने बताया कि वह हांसी की सब्जी मंडी में आढ़ती का कार्य करता है और रविवार रात को करीब 9 बजे अपने घर से अपने चाचा राम अवतार के घर दूध लेने के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह गली से गुजरता हुआ बिल्लू की दुकान के आगे पहुंचा तो वहां पहले से खड़े कुलदीप ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ बिना किसी वजह के लड़ाई झगड़ा कर उस डंडे से हमला कर घायल कर दिया। पंकज ने बताया कि हमले की सूचना मिलने पर उसका चाचा रामअवतार मौके पर पहुंच गया और उसे देख कुलदीप उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।



हिसार। परेड का निरीक्षण करते एसपी मोहित हांडा। फोटो : हरिभूमि

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, महिला थाना का किया दौरा, शस्त्रागार जांचा, समस्याएं सुनीं

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कार्यप्रणाली व रहन-सहन में सुधार लाएं। जनता से मधुर व्यवहार करें और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि कर्मचारी ईमानदारी से काम करते हुए अपनी अच्छी छवि बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा सोमवार को जिला पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने उपरांत कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने परेड का बारीकी से निरीक्षण किया और एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाई। उन्होंने परेड के बाद पुलिस लाइन स्थित ऑर्डरली रूम में पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके निदान के निर्देश दिए। उन्होंने शस्त्रागार का निरीक्षण भी किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित पुलिस के शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया। शस्त्रागार में रखे राजकीय हथियारों के सुरक्षित रखरखाव के लिए संबंधित को निर्देशित दिए। आर्मोरर को थानों में रखे शस्त्र आम्युनेशन का समयझसमय पर निरीक्षण के लिए रोस्टर तैयार करने, क्वार्टर गार्द में आपातकालीन स्थिति के लिए रखे फायर सेफ्टी उपकरणों की समय से रिफलिंग कराने के लिए संबंधित को आदेश दिए।

## व्यक्ति की मौत मामले में पत्नी पर केस दर्ज

**हिसार।** पत्नी से तंग आकर घर से निकले व्यक्ति की मौत मामले में एचटीएम पुलिस ने उसकी पत्नी पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में मृतक के भाई सेक्टर 14 में रहने वाले शीशपाल सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार उसके भाई महाबीर प्रसाद की अपनी पत्नी कमला से अनबन रहती थी। इसी के चलते वह रविवार को घर से निकल गया और सोमवार को सेक्टर 1-4 की ग्रीन बेल्ट में उसका शव मिला। आरोप है कि उसके भाई ने अपनी पत्नी ने तंग आकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मृतक की पत्नी पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया है।

**कार्रवाई** | एडीजीपी ने मिली सफलता बारे समीक्षा करके दिए अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश

## रेंज में पुलिस ने कसा अपराधियों पर शिकंजा 84 केस दर्ज करके 108 को किया गिरफ्तार

### लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वालों के 444 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव के निर्देश में रेंज में अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन आक्रमण अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 84 केस दर्ज करके विभिन्न अपराधों में संलिप्त 108 आरोपितों को गिरफ्तार किया। एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने सोमवार को रेंज में चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान की समीक्षा की। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए रेंज के सभी छह जिलों के 1475 अधिकारियों व कर्मचारियों की कुल 246 पुलिस टीमों का गठन किया गय। इसमें हिसार जिले में 49 टीमों का गठन किया। इसी तरह हांसी में 24 टीमें, जींद में 54, सिरसा में 58, फतेहाबाद में 36 व पुलिस जिला डबवाली में 25 टीमों का गठन किया गया। टीमों ने अपने-अपने जिले के संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करते हुए ड्रग तस्करों व अन्य असामाजिक तत्वों के घरों पर छापेमारी करके तलाशी ली।

अभियान के तहत हिसार रेंज में आबकारी अधिनियम, मादक द्रव्य अधिनियम, जुआ अधिनियम व शस्त्र अधिनियम के तहत कुल 84 केस दर्ज करके 108 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिला हिसार में 13 मुकदमे दर्ज करके 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, पुलिस जिला हांसी से 12 मुकदमे दर्ज करके 13 आरोपियों को, जिला जींद में 18 मुकदमे दर्ज करके 23 आरोपितों को, गिरफ्तार किया गया। इसी तरह जिला सिरसा में 11 मुकदमे दर्ज करके 11 आरोपितों को, पुलिस जिला डबवाली में 10 मुकदमे दर्ज करके 11 आरोपितों को तथा जिला फतेहाबाद में 20 मुकदमे दर्ज करके 23 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

इस अभियान में रेंज में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 60 केस दर्ज करके आरोपितों के कब्जे से 570 बोतल शराब ठेका, 128 बोतल अवैध शराब व 830 लीटर लाहन बरामद किया गया।





हिसार। ऑपरेशन आक्रमण के तहत पकड़ा गया आरोपित व छानबीन करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### जुआं अधिनियम के तहत रेंज में 14 मुकदमे दर्ज

जुआं अधिनियम के तहत रेंज में 14 मुकदमे दर्ज करके आरोपितों के कब्जे से 33420 रुपये की धनराशि बरामद की गई। मादक द्रव्य अधिनियम के तहत पुलिस ने तीन केस दर्ज करके तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से 50 ग्राम सुल्फा, 800 डोडा पोस्त व 3.75 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। शस्त्र अधिनियम के तहत रेंज पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज करके आरोपितों के कब्जे से दो पिस्तोल, एक देसी कट्टा व 11 कारतूस बरामद किए। उद्घोषित अपराधियों व बेल जंपरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रेंज पुलिस ने 13 उद्घोषित अपराधियों व तीन बेल जपंरों को गिरफ्तार किया। रेंज पुलिस ने सड़क नियमों का पालन न करने वाले व लापरवाही से वाहन चलाने वाले 541 वाहन चालकों के चालान भी किए हैं। इनमें से 444 चालान लेन ड्राइविंग के हैं जो सड़क दुर्घटना का कारण बनती है। वाहन चोरों पर कार्रवाई करते हुए 11 चोरीशुदा मोटरसाइकिलों को भी बरामद किया गया है। एडीजीपी ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने खुफिया तंत्र को सुदृढ़ करें।

हममें से अधिकतर लोग उन वस्तुओं और उपलब्धियों को लेकर खुशी महसूस नहीं करते, जो हमारे पास होती हैं, लेकिन उन अभावों से दुखी रहते हैं, जो दूसरों के पास होती हैं। हर स्थिति में खुश-संतुष्ट रहने का तरीका यही है कि हम अपना सही आकलन करते हुए मानसिकता को बदलें और दूसरों से तुलना के बजाय अपनी उपलब्धियों का आनंद लें।

# ज्यादा का इरादा खुशियों को करे आधा

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन



आज के दौर में अगर अवसाद, उदासी और चिंता की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह है असुरक्षा की भावना और खुद के पास दूसरों की तुलना में कम संसाधन होने की चिंता। संसाधन का अर्थ यहां कुछ भी हो सकता है, जैसे संपत्ति, धन-दौलत, मकान, गहनें और भी बहुत कुछ। आइए, इन कारणों को जानते-समझते हैं, ताकि हम कभी अवसाद, उदासी और चिंता के शिकार ना हों।

## गलत ढंग से दूसरे से अपनी तुलना

हम अपनी तुलना अकसर उन लोगों के साथ करते हैं, जो अलग-अलग मामलों में हमसे बेहतर होते हैं। यानी बहुत सारे संपन्न लोगों की तुलना में हम अकेले साधन संपन्न होना चाहते हैं। ज्यादातर मामलों में दुखी व्यक्ति को अपनी मूलभूत जरूरतें पूरी ना होने की शिकायत नहीं रहती बल्कि अपनी अनंत इच्छाओं के अधूरा होने का दुख होता है। उसे अपने किसी रिश्तेदार, मित्र या पड़ोसी के पास खुद से ज्यादा सुविधाएं होने का दर्द सताता है। हमारा अवचेतन मन अकसर इस उधेड़बुन में लगा रहता है कि हमारी जिंदगी में कुछ ऐसा है, जो अपूर्ण है। हमें हमेशा यही लगता है कि दूसरे हमसे ज्यादा प्रसन्न, ज्यादा स्वस्थ, ज्यादा संपन्न और ज्यादा लोकप्रिय हैं। अनजाने में ही हम स्वयं को कमजोर महसूस करते हैं और आत्मग्लानि या तुलनात्मक हीनता के शिकार हो जाते हैं।



## उपलब्धियों से ऊर्जा प्राप्त करें

जब हम एक लक्ष्य को साध लेते हैं तो हममें दूसरे लक्ष्य को हासिल करने की ललक और ऊर्जा दोगुनी हो जाती है। हम निरंतर आगे बढ़ते चले



जाते हैं। कई बार लोग कहते हैं, क्या करें, हमें तो अवसर ही नहीं मिलता। जबकि फलां की किस्मत अच्छी है, तभी तो उसे इतनी तरक्की के चांस मिल जाते हैं। इस संदर्भ में जाने-माने दार्शनिक नेपोलियन हिल ने कहा है, 'यह दुनिया उन लोगों के लिए अच्छी है, जो जानते हैं कि वास्तव में उन्हें अपनी जिंदगी से चाहिए क्या और उन्हें किस चीज को हासिल करने में अपना समय और ऊर्जा लगानी चाहिए। कहने का आशय है, जो लोग अवसर को पहचानने की क्षमता रखते हैं और मौका मिलने पर उससे चूकते नहीं और उसके पीछे-पीछे चलते रहते हैं, वे सदैव आगे बढ़ते रहते हैं, सफलता पाते हैं।

## संतुष्टि और कृतज्ञता का भाव है जरूरी

असंतुष्टि और तुलनात्मक हीनता से उबरने का एक और फायदा यह है कि हमारे दूसरों के साथ संबंध भी मधुर होने लगते हैं। इतना ही नहीं, ईर्ष्या भाव से उबरने पर लोगों में हमारी छवि भी निखरती है। हम दयालु, परोपकारी और मददगार बनने लगते हैं, इससे हमें दुआएं मिलती हैं, साथ ही अपार खुशी और आत्मसंतुष्टि मिलती है। जहां पहले हम हमेशा कुढ़न-चिढ़न के शिकार रहते थे, हर वक्त अपनी तकदीर को कोसते थे, वहीं इस स्थिति में हम प्रकृति, ईश्वर और इस ब्रह्मांड के प्रति कृतज्ञता का भाव रखने लगते हैं। जब भी हमारा मन यह सोचकर बेचैन हो कि हम जमाने से पिछड़ गए हैं या हमारे पास वह नहीं है, जो हमारे परिचितों के पास है, तो हम झुग्गी-झोपड़ी और फुटपाथ पर रहने वाले दृष्टिहीनों, अपाहिजों की ओर देखें। हम जरा याद करें कि दुनिया में करोड़ों लोगों को दो वक्त का भोजन भी नहीं मिलता, तब यह समझ में आ जाएगा कि हमें कितना कुछ मिला हुआ है। ❀

### खुद पर रखें भरोसा

**जब हम** हमेशा खुद में कमियां ढूंढ़ते हैं, दुखी रहते हैं। हमें अवसर नहीं, समस्याएं ज्यादा दिखने लगती हैं तो हमारा पिछड़ना स्वाभाविक है। वहीं हम अपनी आत्मशक्ति, प्रतिभा और चातुर्य पर भरोसा करने लगते हैं तो हमारा मन आपदा में भी अवसर ढूंढ़ने लगता है, यहीं से शुरू होती है हमारी तरक्की का सिलसिला। अवसर कोई हलवाई की दुकान पर बिकने वाली मिठाई नहीं है, जो कोई हमारे हाथ में पकड़ा देगा और हम उसे गटक लेंगे। यह तो अपने हाथों से तैयार करने वाली होममेड मिठाई है, जिसके विभिन्न घटकों को एकत्रित करके हमें अपनी ऊर्जा की ऊष्मा से, विश्वास के तेल में पकाकर, अपनी मेहनत की चाशनी से मीठा करके इसका स्वाद चखना होता है।

### जरूरी है अपना सटीक आकलन

**सच तो** यह है कि हम स्वयं अपना आकलन कभी सही तरीके से नहीं करते हैं। यकीन मानिए, जैसा हम दूसरों के बारे में सोचते हैं, ठीक वैसा ही दूसरे भी हमारे बारे में सोचते हैं। हमारी सीमित या संकुचित सोच ही हमारी ज्यादातर दुर्बलताओं, तुलनात्मक हीनता और चिंता का कारण होती है। असंतोष का भाव और अंतहीन कामनाओं का दासत्व स्वीकार करना ही हमारी उदासी, झुंझलाहट और अवसाद की वजह है। हम अनजाने में ही दूसरों से बेवजह प्रतिद्वंद्विता करने लगते हैं, जबकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं होती। वास्तव में हमारी आवश्यकता अपने परिवार और खुद की जरूरतों को पूरा करने की होनी चाहिए। अपने जीवन की प्राथमिकता निर्धारित लक्ष्य हासिल करने की होना चाहिए, ना कि दूसरों जैसा बनने की। अगर हम अपनी जरूरतों को पूरा करने तक सीमित रहें और अपनी बेहतरी के लिए निर्धारित लक्ष्य को साधने में जुट जाएं तो हमें अनावश्यक तुलना और ईर्ष्या के लिए वक्त नहीं मिलेगा। हमारा चिंतन भी सार्थक कार्यों की ओर होने लगेगा, जो हमें आंतरिक खुशी और सुकून देगा।

# बदलते दौर में पैरेंट्स समझें बच्चों का भी होता है अपना व्यक्तित्व

भले ही पिछली सदी की तुलना में अब हम सबकी जीवनशैली कई स्तरों पर बदल चुकी है, लेकिन अधिकांश पैरेंट्स आज भी अपने बच्चों के स्वतंत्र व्यक्तित्व को नहीं स्वीकारते हैं। बच्चों के बेहतर विकास के लिए सभी पैरेंट्स को अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए।



पैरेंटिंग / नीलम अरोड़ा

बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। सेमिनारों में, बौद्धिक विमर्शों में भले माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हों, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता को यही लगता है कि उनके बच्चे कुछ नहीं जानते या उनके बच्चों की कोई समझ नहीं है, क्योंकि वे मन से स्वीकार ही नहीं कर पाते कि बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व होता है। यही वजह है कि 99 फीसदी से ज्यादा माता-पिता अपने बच्चों को उनकी छोटी उम्र में हमेशा सिर्फ सिखाते रहते हैं, कभी गंभीरता से किसी भी मसले पर उनकी राय जानने की कोशिश नहीं करते। ऐसा नहीं है कि माता-पिता अपने बच्चों का भला नहीं चाहते या उन्हें खुश होते हुए नहीं देखना चाहते। ऐसा सब कुछ है, लेकिन फिर भी माता-पिता सहजता से इस बात को स्वीकार नहीं कर पाते कि उनके बच्चों का भी अपना व्यक्तित्व है।

**कम उम्र में हो रहा बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण:** समाजशास्त्रियों का आकलन है कि इन दिनों बच्चों के व्यक्तित्व का विकास या उनके व्यक्तित्व का निर्माण बहुत कम उम्र में हो रहा है। दरअसल, सूचना क्रांति ने अनुमान से भी कहीं ज्यादा उनके लिए एक्सपोजर पैदा किया है। इसलिए पहले जो बच्चे 15-16 साल की उम्र में व्यावहारिक जिंदगी के तौर-तरीके सीखते थे, आज वैसे तौर-तरीके बच्चे 7 से 8 साल की उम्र में ही सीख जाते हैं। सोशल मीडिया ने और सोशल मीडिया तक पहुंच बनाने वाले स्मार्टफोन ने बच्चों को पिछली सदी के मुकाबले कम से कम एक हजार फीसदी तेज रफ्तार से उनकी विभिन्न चीजों के प्रति जानकारी पैदा की है और अपनी राय बनाने में भूमिका निभाई है। इसलिए आज बच्चों के पारंपरिक विकास की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। लेकिन ज्यादातर माता-पिता इसे नहीं मानते हैं।

**गूगल ज्ञान की प्राप्ति :** एक जमाना था जब किसी भी बच्चे की जानकारियों के दो मुख्य स्रोत होते थे। घर में आमतौर पर पिता और घर के बाहर स्कूल के अध्यापक। यही कारण है कि तब लंबे समय तक हर बच्चे को लगता था कि उनके पिता दुनिया के सबसे ज्यादा जानकार व्यक्ति हैं। लेकिन यह मनोविज्ञान आज की पीढ़ी में नहीं है। आज की पीढ़ी के बच्चे किसी भी चीज की जानकारी पाने के लिए या अपनी किसी भी सहज जिज्ञासा के लिए गूगल का दरवाजा खटखटाते हैं, जहां उन्हें ज्यादातर सवालों के न्यूनतम बुनियादी जवाब मिल ही जाते हैं। इसलिए वह बड़ों की तरह गूगल ज्ञान पर मीनमेख नहीं निकालते बल्कि अपने स्तर पर उन्हें यह ऐसा गुरु मिल गया है, जिनके साथ बच्चे सबसे ज्यादा सहज हैं। दूसरी तरफ, मां-बाप आज भी इस उम्मीद में हैं कि उनके बच्चे उनसे ही दुनिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानें और उनकी सोच और कल्पना के मुताबिक ही अपना व्यक्तित्व ढालें। वास्तव में सबसे बड़ा संकट यही है।

**ताजा परिदृश्य :** माता-पिता अपने बच्चों को सिखाने और बताने के लिए लालायित हैं, लेकिन बच्चे इस सब पर बहुत रुचि नहीं ले रहे, क्योंकि उन्हें भी लगता है कि उनके माता-पिता जानकारियां कम उपदेश ज्यादा देते हैं। इसलिए बच्चे उनसे दूरी बनाते हुए आज वर्चुअल दुनिया के साथ ज्यादा सहज हैं और मां-बाप को लगता है कि उन्हें दीन-दुनिया की कोई खबर ही नहीं है। इस विरोधाभासी सोच में संतुलन के लिए जरूरी है कि पैरेंट्स, अपनी मानसिकता को नए दौर के अनुसार बदलें। तभी बच्चों का बेहतर विकास होगा और उनके साथ आपकी बॉन्डिंग भी स्ट्रॉन्ग बनेगी। ❀

### अहम भूमिका निभा रहा आभासी समाज

**अगर बच्चों** और माता-पिता के बीच में भरोसे का जबरदस्त अभाव है, तो इसमें एक बड़ा कारण यही है कि माता-पिता इस बात को समझ ही नहीं पा रहे कि व्यक्तित्व गठन के मामले में उनकी जो रफ्तार थी, आज के बच्चों की रफ्तार उससे कई गुना ज्यादा तेज हो चुकी है। दूसरी बात, कम से कम मौजूदा और उसके पहले की पीढ़ी के माता-पिता भी यह समझने में ठीक-ठीक तालमेल नहीं बैठा पा रहे कि पहले की तरह अब बच्चों की जानकारियों और समझदारियां विकसित होने का स्रोत केवल माता-पिता स्कूल, कॉलेज या इर्द-गिर्द का समाज भर नहीं है बल्कि अब इन सबसे मिलकर भी कई गुना बड़ा एक आभासी समाज पैदा हो गया है, जो खासकर बच्चों को ना सिर्फ तेजी से प्रभावित कर रहा है बल्कि उनके व्यक्तित्व के निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

# ऐसे सीखें आर्ट ऑफ पब्लिक स्पीकिंग

एडवाइस / अंजू जैन



आज के दौर में लोगों को जब अपना ज्यादातर काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करने की जरूरत पड़ती है, यू-ट्यूब, वीलॉग या फेसबुक लाइव पर अकसर बोलना होता है, इस तरह लगभग हर प्रोफेशनल व्यक्ति के लिए पब्लिक स्पीकिंग का हुनर होना जरूरी हो गया है। आपके लाइव सेशन या वीडियो लोगों को आकर्षित करें और उपयोगी साबित हों, इसके लिए आपको कुछ बातों पर ध्यान देना होगा-

**श्रोताओं से जुड़ें :** अपने श्रोताओं से संवाद जरूर स्थापित करें। अपनी कही गई बातों से जुड़े प्रश्न जरूर पूछें और संभव हो तो उन्हें भी प्रश्न पूछने का मौका दें। इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित होंगे। श्रोताओं से जुड़ने के लिए उनकी समझदारी या उनके गुणों की सराहना करें।

**श्रोताओं की पसंद समझें :** श्रोताओं की पसंद-नापसंद उनकी जरूरत और प्राथमिकताएं जान लेना आपके लिए काफी फायदेमंद होगा। इसके लिए पर्याप्त रिसर्च और होमवर्क करना जरूरी है।

**नए तथ्य रखें :** श्रोताओं के सामने नए और चौंकाने वाले तथ्य जरूर पेश करें। अपने वक्तव्य में कुछ ऐसी बातें या तथ्य रखने की कोशिश करें, जो श्रोताओं के लिए काफी उपयोगी और दिलचस्प हों, लेकिन उन्होंने कभी इन्हें सुना ना हो। वक्तव्य भाषण के दौरान छोटे-छोटे किस्से-कहानियों, रोचक घटनाओं या कहावतों का इस्तेमाल करें, इससे श्रोता आपकी ओर आकर्षित रहेंगे। माहौल हल्का-फुल्का रखेंगी तो श्रोताओं को आपके भाषण के दौरान जरा भी बोरियत महसूस नहीं होगी।

**नोट्स बनाएं :** जब भी आप फेसबुक पर लाइव हों या वीलॉग बनाना हो तो अपनी स्पीच की तैयारी पहले से कर लें। स्पीच के दौरान आपको जिस टॉपिक पर बोलना है, उससे जुड़े नोट्स अपने सामने रखें, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक ना हो। एकाध बार अपने स्पीच को रिकॉर्ड कर सुनकर अपनी खामियां दूर कर लें। ❀

### आराम से बोलें

समझा यही जाता कि जोर-जोर से या धाराप्रवाह बोलना अच्छा वक्ता बनने के लिए जरूरी है, लेकिन मंझे हुए वक्ताओं की मानें तो कुछ वाक्य बोलने के बाद बीच में एक पल रुकना जरूरी है। इससे लोग आपकी बात ज्यादा एकाग्रचित्त होकर सुनेंगे।

# जब करवाना हो नेल एक्सटेंशन

अगर आपके नेल्स, नेचुरली लंबे और खूबसूरत नहीं हैं तो आप नेल एक्सटेंशन के जरिए इन्हें अट्रैक्टिव बना सकती हैं। लेकिन ऐसा करवाने से पहले आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, ताकि आपके नेचुरल नेल्स को कोई नुकसान ना हो।

सजेशन / ललिता गोयल



मजबूत, लंबे और आकर्षक नाखून हथेलियों की खूबसूरती को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि फैशनेबल और अट्रैक्टिव दिखने के इस दौर में नेल एक्सटेंशन द्वारा नेल्स को खूबसूरत दिखाने का ट्रेंड काफी बढ़ गया है। लेकिन नेल एक्सटेंशन कराते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस तरीके से आप अपनी स्किन केयर करती हैं, वैसे ही नेल्स की भी प्रॉपर केयर करना जरूरी होता है।

**नेल एक्सटेंशन प्रोसेस :** नेल एक्सटेंशन में सबसे पहले आपके असली नेल्स को फॉइल किया जाता है और उनके साइड्स को साफ किया जाता है। नेल एक्सटेंशन, जैल और एक्रेलिक दो प्रकार के होते हैं। एक्रेलिक नेल एक्सटेंशन में एक आर्टिफिशियल नेल टिप आपके नाखूनों की लंबाई पर चिपका दी जाती है और फिर उस पर लगाने के लिए एक पावडर और लिक्विड मिलाया जाता है। जैल नेल एक्सटेंशन को लगाने के लिए एक रेडिमेड मिक्सचर का उपयोग किया जाता है, जिसे नेचुरल नेल बेड पर लगाया जाता है। छोटे नाखूनों के लिए जैल नेल एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतर माना जाता है।

**प्रिकॉशन है जरूरी :** अगर आप नेल एक्सटेंशन करवा रही हैं तो ध्यान रखें कि यह पर्मानेंट नहीं होता है। यह केवल 4-6 सप्ताह तक ही बना रहता है। इसकी अवधि, नेल एक्सटेंशन के तरीके और आपके ब्यूटी सैलून पर भी निर्भर करता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नेल एक्सटेंशन करवाने के बाद आप वो सब काम नहीं कर सकती हैं, जो आप अपने नेचुरल नाखूनों के साथ कर सकती हैं जैसे टाइपिंग या घर के साफ-सफाई और रसोई के काम।

**लॉन्ग ड्यूरेबल होंगे नेल एक्सटेंशन :** नेल एक्सटेंशन लंबे समय तक टिका रहे, हाथों की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- जल्दी-जल्दी या रेग्युलर नेल एक्सटेंशन कराने से नाखून कमजोर हो जाते हैं। ऐसे में नेल एक्सटेंशन कराते समय थोड़ा गैप रखना जरूरी होता है।
- नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले नेल्स की मसाज करना जरूरी है। नेल्स की मसाज ऑलिव ऑयल या बादाम के तेल से की जा सकती है। ऐसा करने से नेल्स की सही ग्रोथ होती है, साथ ही नेल्स मजबूत भी बनते हैं।
- नेल एक्सटेंशन कराने से पहले आप अपने नाखूनों को काटना ना भूलें क्योंकि बढ़े हुए नाखूनों पर नेल एक्सटेंशन कराने से नेल बेड टूटने लगते हैं और नेल्स कमजोर हो जाते हैं।
- बारिश के दिनों में नेल एक्सटेंशन कराने से पहले नाखूनों को अच्छी तरह से मॉयश्चराइज कर लें। दरअसल, नेल एक्सटेंशन नेल्स की नमी को कम करने के साथ ही क्यूटिकल्स को भी सख्त बना देता है, जिससे नाखून रफ हो सकते हैं। इसलिए पहले ही नाखूनों को मॉयश्चराइज कर लें।
- आपकी नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और मेंटेन रहे, इसके लिए समय-समय पर नेल्स रीफिल कराना ना भूलें। इससे नेल्स मजबूत होंगे। साथ ही उनकी खूबसूरती लंबे समय तक बनी रहेगी।
- नेल एक्सटेंशन खराब ना हो, इसके लिए एक्सटेंशन कराने के बाद भारी वजन ना उठाएं क्योंकि इससे अकसर नाखून टूट जाते हैं या उनमें क्रेक आ जाता है।
- नेल एक्सटेंशन को घर पर ना हटाएं। इससे आपके नेचुरल नाखूनों को नुकसान पहुंच सकता है। नेल एक्सटेंशन को हटाने के लिए नेल टेक्नीशियन के पास जाना ही बेहतर उपाय होता है। ❀

**(नेल एक्सटेंशन एक्सपर्ट लतिका खुराना से बातचीत पर आधारित)**

# किचेन गार्डन में ऐसे उगाएं पौष्टिक ब्रोकली

वैसे जाड़े के दिनों में ब्रोकली बाजार में तो खूब मिलती है लेकिन अगर आप ऑर्गेनिक और अधिक पौष्टिक ब्रोकली खाना, खिलाना चाहती हैं तो इसे गार्डन में उगा सकती हैं। इसे कैसे उगाएं और किन बातों का ध्यान रखें, बता रहे हैं आपको।

गार्डनिंग / अनु आर.



अब से कुछ साल पहले तक अपने देश में ब्रोकली इसलिए कम चर्चा में रहती थी, क्योंकि तब यह बहुत महंगी हरी सब्जी होती थी। उन दिनों जब बाकी सब्जियां 5 से 10 रुपए पाव बिकती थीं, तब यह 30-40 रुपए पाव तक मिलती थी। क्योंकि तब ब्रोकली विदेशी सब्जी मानी जाती थी और यह बड़े पैमाने पर बाहर से ही आती थी। लेकिन अब ब्रोकली स्थानीय सब्जी बन चुकी है।

**कई गुणों से भरपूर:** ब्रोकली इतने गुणों से भरपूर होती है कि पहली नजर में इसके गुणों को जानकर लगता है यह कोई औषधीय सब्जी है। मिसाल के तौर पर ब्रोकली शुगर लेबल को कंट्रोल करती है। यह वजन घटाने में मददगार है। हृदय रोग, कैंसर, आंखों की समस्याओं और कमजोरी में यह फायदेमंद है। इसके खाने से लिवर मजबूत होता है, हड्डियां लचीली और ताकतवर बनती हैं। उच्च रक्तचाप नियंत्रित रहता है, बैड कोलेस्ट्रॉल में कमी आती है, कैंसर का खतरा कम होता है, त्वचा स्वस्थ और चमकदार रहती है। ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाव होता है। ब्रोकली अगर इतनी फायदेमंद है तो इसलिए क्योंकि इसमें अनेक पौष्टिक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें जिन पौष्टिक तत्वों की भरमार है, उनमें शामिल हैं- विटामिन सी, बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन ए, फोलिक एसिड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, एंटीइनफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सीडेंटिव प्रॉपर्टीज और फाइबर भी पाए जाते हैं। ब्रोकली भले अब विदेशी सब्जी ना होकर स्थानीय सब्जी बन गई हो, लेकिन भरपूर गुणकारी होने की वजह से दूसरी हरी सब्जियों के मुकाबले यह महंगी मिलती है। इसलिए बेहतर है, अपने किचेन गार्डन में ब्रोकली उगाएं, इससे आपको शुद्ध ऑर्गेनिक ब्रोकली का स्वाद मिलेगा।



**उगाने के लिए सही है सर्दियां:** अब सवाल है, ब्रोकली को अपने किचेन गार्डन में कब और कैसे उगाएं? भारत में सर्दियों का मौसम खासकर दिसंबर, जनवरी का महीना इसके उगाने या नर्सरी के जरिए इसे लगाने का सबसे बढ़िया समय होता है। आमतौर पर यह बहुत आसानी से और कम रख-रखाव में भी किचेन गार्डन की सबसे उपयोगी सब्जी के रूप में फलती-फूलती है।

**मिट्टी और धूप:** ब्रोकली उगाने के लिए वैसे ही मिट्टी बनानी पड़ती है, जैसे फूलगोभी या पत्तागोभी को उगाने के लिए बनाते हैं। लेकिन ब्रोकली गमले में या जमीन में जहां भी उगाएं इस बात को सुनिश्चित कर लें कि वहां दिन में कम से कम छह घंटे धूप जरूर आती हो। ब्रोकली ऐसी मिट् टी में अच्छी तरह से उगती और विकसित होती है, जो पानी को सोख लेती है। प्राकृतिक खाद से उपजी ब्रोकली में ही इसके सौ फीसदी फायदे मिलते हैं। देसी खाद से भरपूर मिट्टी में इसे क्यारी बनाकर लगाना या चाहिए। गाय के गोबर और कंपोस्ट खाद इसके उगाने और बढ़ने तथा विकसित होने में बहुत कारगर भूमिका निभाते हैं। ब्रोकली को अगर उगा रही हैं तो जब उसके पौध 4 से 6 हफ्ते के हो जाएं तो उन्हें अलग-अलग गमलों में स्थानांतरित कर दें, दो पौधों के बीच की दूरी कम से कम दो इंच रखें। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटैशियम ब्रोकली के लिए तीन सबसे अच्छे उर्वरक हैं। अगर सही ढंग से आपकी उगायी या लगाई गई ब्रोकली विकसित होती है, तो ब्रोकली का एक पौधा फसल में आपको एक सीजन में कम से कम 10 या 12 बार ब्रोकली का फूल दे सकता है। ❀

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ की आम सभा आयोजित

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ के नेतृत्व में एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण महासभा, हरियाणा के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर संघ के प्रधान रामनिवास वर्मा, प्रो. आरसी, राजबीर सोनी, इंद्र सिंह जाजनवाला, शिशुपाल सैनी, विनोद वर्मा, रामपाल चौहान, हरपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**हिसार।** ट्रैफिक पुलिस ने 11 से 17 जनवरी तक मनाए जाने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नेहरू युवा केन्द्र के बच्चों के साथ सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन लिखकर आमजन को यातयात के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों के हाथों में सड़क सुरक्षा को लेकर स्लोगन लिखी तख्तियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। बच्चों ने पुलिस की मौजूदगी में बगैर हेलमेट पहने मोटरसाइकिल चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनकर दुपहिया वाहन चलाने की शपथ दिलाई।

### महिला थाना पुलिस ने किया जागरूक

**हिसार।** महिला थाना पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को सार्वजनिक स्थानों और शिक्षण संस्थानों जैसे बस स्टेंड, राजगुरु मार्केट, महावीर स्टेडियम, गवर्मेंट कॉलेज, डीएन कॉलेज में पहुंच उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिला थाना पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को बताया कि हमें अपने अंदर के डर को मिटाने और समाज में अपनी पहचान बनाने की जरूरत है। महिला हेल्पलाइन 1091, डायल 112, दुर्गा शक्ति के बारे में बताया। साथ ही साइबर क्राइम से भी जागरूक रहने के बारे में कहा।

### लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का समापन

**बरवाला।** डीपीसी समग्र शिक्षा हिसार के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी वन में आयोजित पांच दिवसीय लाइफ स्किल डेवलपमेंट कैंप संपन्न हुआ। इस मौके पर एएनएम सुनीता नैन, एडीओ संदीप कुमार, सुनील शर्मा, राजेश कुमार, चंद्र सिंह, सुनीता जाखड़, एबीआरसी मोनिका, मुख्याध्यापक जिले सिंह शेखावत, डीपीई रविंद्र लोहान, कला अध्यापक रविंद्र कुमार, मदन लाल सोनी, संगीता रानी, जयपाल, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### विपिन गोयल बने प्रदेश महामंत्री

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने संगठन में विस्तार करते हुए विपिन गोयल छानीवाला हिसार को हरियाणा प्रदेश का महामंत्री नियुक्त किया है। प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल ने अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग का नियुक्ति पर आभार जताया।

### पंजाबी महापंचायत ने मनाया मकर संक्रांति

**हिसार।** पंजाबी महापंचायत द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में धूमधाम से मनाया गया। समारोह का प्रारम्भ गणेश वंदना से किया गया। समारोह में पंजाबी भंगड़ा, गिद्धा और लोक गीतों का समावेश रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापंचायत के प्रधान शम्मी नागपाल ने की। कार्यक्रम में सुरेंद्र छिंदा ने स्वरचित लोकगीत पंजाबियां दी शान वखरी प्रस्तुत किया। समारोह में बजरंग गर्ग, पवन गिरधर, विक्रांत भटेजा, लोकेश अनेजा, राज कुमार छाबड़ा, अक्षय मलिक, अमित ग्रोवर, पंकज आदि मौजूद थे।

### श्रद्धालुओं ने की काजला धाम की पद यात्रा

**हिसार।** सालासर पैदल यात्रा ग्रुप हिसार ने बालाजी के विभिन्न मंदिरों में की जाने वाली अपनी पदयात्रा व डाक यात्रा के तहत मकर संक्रांति के दिन निकटवर्ती बालाजी मंदिर, काजला धाम की पदयात्रा की। यहां पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। ग्रुप के प्रवक्ता ने बताया कि ग्रुप में 80 सदस्य शामिल हैं। यह ग्रुप पिछले 29 सालों से बालाजी के विभिन्न मंदिरों की यात्रा कर रहा है।

## एसडीएम ने की विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक

# राजकीय महाविद्यालय के ग्राउंड में मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह

एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहीद स्मारक तथा सभी चौक चौराहों की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। लेकिन अबकी बार गणतंत्र दिवस समारोह शहीद स्टेडियम की बजाए राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। यह बातें एसडीएम मोहित महराणा ने सोमवार को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करवाने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित करते हुए तमाम तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही या कोताही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को आयोजित होगी।

बरसात होने की सूरत में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन अनाज मंडी में होगा। इसलिए मंडी परिसर की भी साफ सफाई करवाई जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहीद स्मारक तथा सभी चौक चौराहों की साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाली संस्कृत टीमों की तैयारी तुरंत प्रारंभ करवाई जाए ताकि तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने कोई उत्कृष्ट कार्य किया है उनकी सूची 22 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय में पहुंचाना सुनिश्चित करें।



**हांसी।** समारोह स्थल का जायजा लेते एसडीएम मोहित महराणा उनके साथ है डीएसपी धीरज कुमार व तहसीलदार नवजीत कौर। *फोटो : हरिभूमि*

### एसडीएम ने समारोह स्थल का किया दौरा

मीटिंग के उपरांत एसडीएम मोहित महराणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर समारोह स्थल का दौरा किया और अधिकारियों को समारोह की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार नवजीत कौर, डीएसपी धीरज कुमार सहित कोई विभागों के अधिकारिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



**हिसार।** प्रधानाचार्या एवं खेल प्रशिक्षक के साथ विजेता खिलाड़ी रिया।

### नेशनल स्कूल गेम्स में होली चाइल्ड स्कूल की छात्रा रिया का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** स्कूल गेम्स फेडरेशन आंफ इंडिया की ओर से आयोजित 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा रिया ने शानदार प्रदर्शन किया। दिल्ली में आयोजित अंडर 14 नेट बॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम दूसरे स्थान पर रही। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने रिया की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खेलों में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए विद्यालय में खेलों को खूब प्रोत्साह दिया जा रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने रिया की उपलब्धि पर शुभकामनाऐं दी और खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद के प्रयासों को भी सराहा।

### छोटी सातरोड में भव्य शोभायात्रा का आयोजन



**हिसार।** प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त गांव छोटी सातरोड़ में इंद्रदेव मणि महाराज (गुरु जी) के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सह खंड कार्यवाह संजय ने बताया कि शोभायात्रा की शुरुआत बाबा जवाहर नाथ के मंदिर से की गई। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में मुख्य रूप से हवन यज्ञ के साथ प्रभु श्री राम जी की पालकी, राम दरबार, राधा कृष्ण, शिव पार्वती जी व हरे राम- हरे कृष्णा की शानदार झांकी रही। साथ ही भारी संख्या में गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली जिसकी पूरे गांव के सभी मुख्य मंदिरों में परिक्रमा की गई।

## एचडीएफसी बैंक में लगाया जांच कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सेक्टर 14 स्थित सर्वेश हेल्थ सिटी ने एचडीएफसी बैंक गांधी नगर ब्रांच हांसी में एंपलाइज और कस्टमर के लिए निशुल्क जांच कैंप लगाया। इसमें 100 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई बीपी, शुगर, ऑक्सीजन लेवल आदि टेस्ट भी किए गए।

एचडीएफसी बैंक हांसी के ब्रांच मैनेजर अंशुल कुमार ने इस सराहनीय कार्य के लिए कैंप में पहुंचे डॉक्टर एवं हॉस्पिटल मैनेजमेंट का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अब हांसी के लोगों को अच्छे इलाज के लिए दिल्ली एनसीआर जाने की जरूरत नहीं है।

एडवांस्ड टेक्नोलॉजी व क्वालिफाइड डॉक्टर्स की टीम अब हिसार के सर्वेश हेल्थ सिटी में हमारे नजदीक ही उपलब्ध है। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के कैंप आयोजित करते रहने के लिए आग्रह किया।



**हिसार।** स्वास्थ्य जांच करती सर्वेश हैल्थ सिटी की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

## निकाय मंत्री ने किया प्रदेश महामंत्री पुनिया का स्वागत

- प्रदेश महामंत्री के तौर पर संगठन ने बहुत ही महत्व पूर्ण दायित्व सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भाजपा नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया के सिंचाई विभाग रेस्ट हाउस पहुंचने पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व वहां मौजूद अनेक पार्टी पदाधिकारियों ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर व पुष्प माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि पुनिया पार्टी के विभिन्न दायित्वों पर रहते हुए बहुत ही मेहनत के साथ संगठन को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब उनको प्रदेश महामंत्री के तौर पर संगठन ने बहुत ही महत्व पूर्ण दायित्व सौंपा है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि डॉ. कमल गुप्ता मेरे बड़े भाई जैसे है। इनके मार्गदर्शन में मुझे पार्टी में काम करने का अवसर प्राप्त है। इस अवसर पर नगरपालिका चेयरमैन रमेश बेटरीवाला, वाइस चेयरमैन तारा चंद, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन परवीन सैनी, मुनीश गोयल, पार्षद सतबीर सैनी, ऋषिपाल, राधेश्याम, सुरेश शर्मा आदि मौजूद थे।



**हिसार।** निकाय मंत्री के साथ प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया व अन्य।

## नमो ऐप के प्रति हर दिन बढ़ रहा लगाव : खेदड़

- नमो ऐप की जानकारी देने के लिए जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रधानमंत्री एवं विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया ऐप नमो ऐप की जानकारी देने के लिए भाजपा कार्यालय में सोमवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। कार्यशाला में नमो ऐप के प्रदेश संयोजक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में सभी कार्यकताअरं को नमो ऐप के बारे में पूरी जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि देश के लोगों में नमो ऐप के प्रति आकर्षण व लगाव हर दिन बढ़ता जा रहा है। आए दिन नए लोग इस ऐप से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कार्यकताअरं से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को नमो ऐप से जोड़ें व अधिक से अधिक विकसित भारत ब्रांड एंबेसडर बनने पर कार्य करें। कार्यशाला में जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, जिला मीडिया प्रमुख राजेंद्र सपड़ा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बिश्नोई, जिला मंत्री संजीव रेवड़ी, संजय सूरा, संदीप गोयल, आशीष जोशी, सुषमा पांचाल, सीमा शर्मा, रमेश मिजार्पुर, संजय सेहरा, सुरेंद्र सैनी, नमो ऐप के जिला संयोजक राम मेहर आदि मौजूद थे।



**हिसार।** कार्यशाला का शुभारंभ करते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य, तथा कार्यशाला में उपस्थित जिला अध्यक्ष सहित अन्य अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

## पुलिस ने 132 वाहनों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सीलिंग प्लान के तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जिला पुलिस क्षेत्र में 36 नाके लगाकर नाकाबंदी करके पूरे जिले को सील किया गया।

सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि सीलिंग प्लान के दौरान जिला पुलिस क्षेत्र में 36 स्थानों पर नाकाबंदी करके 1373 वाहनों को चैक किया गया और यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 132 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने सीलिंग प्लान के दौरान बिना हेलमेट के 8, बिना सीट बेल्ट के 2, ओवर स्पीड के 14, नो पार्किंग के 19, ट्रीपल राईडिंग के 2, चेंज लेन ड्राईविंग के 13, प्रेशर हॉर्न का 1 तथा 87 वाहनों के अन्य यातायात नियम तोड़ने चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, पुलिस चौकी व अपराध यूनिट्स के इंचार्जों को निर्देश दिए गए हैं कि वह भविष्य में सूचना मिलते ही अपने-अपने क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए सीलिंग प्लान के अनुसार कार्य करें।



**हांसी।** सीलिंग प्लान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी।

## बस क्यू शेल्टर का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाजपा की केंद्र तथा हरियाणा सरकार ने गरीब परिवारों की तकलीफों को समझकर उनके उत्थान के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की। पहले गरीब परिवारों के लोगों को बीमारियों के इलाज के लिए घर तक बेचने पड़ जाते थे लेकिन भाजपा सरकार ने उनके दुख दर्द को समझकर आयुष्मान योजना लागू की जिसके तहत 5 लाख तक की राशि का निशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है। यह बातें विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ढाणी ठाकरिया तथा मामनपुरा गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा हांसी शहर में प्रवेश करेगी और शहर में पहला पहला कार्यक्रम प्रातः 11 बोगा राम कॉलोनी के सामुदायिक केंद्र भवन में तथा इसी दिन सायं दूसरा कार्यक्रम स्थानीय एसडी महिला महाविद्यालय में आयोजित होगा।



**हांसी।** जनसंवाद कार्यक्रम में को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना।

## कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी : प्रो. बिश्नोई

- इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस विषय पर एक सप्ताह का कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के अभियान को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी। कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस वर्तमान युग की सबसे महत्वपूर्ण खोज है और यह दुनिया को सहज व सुगम बना रही है। प्रो. नरसी राम बिश्नोई सोमवार को विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सौजन्य से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस विषय पर शुरू हुए एक सप्ताह के ऑनलाइन फेकल्टी डवल्पमेंट प्रोग्राम के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।जवाहर लाल विश्वविद्यालय के प्रो. टीवी विजय कुमार कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने की। कुलपति ने कहा कि कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस का लक्ष्य घटनाओं की सटीक जानकारी देना तथा समस्याओं का समाधान करना भी है।

### विज्डम के महत्व पर प्रकाश डाला

मुख्य वक्ता प्रो. टीवी विजय कुमार ने अपने वक्तव्य में विभिन्न प्रकार के कंप्यूटर इंटेलिजेंस को विस्तार से समझाते हुए विज्डम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को वर्तमान युग में कंप्यूटेशनल इंटेलिजेंस से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के बारे में समझने बारे विस्तृत व्याख्यान दिया। इस मौके पर फेकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. संदीप आर्य, सीएसई विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, डॉ. साक्षी ढींगरा व डॉ. सुनीता बेनीवाल ने किया।

## सभी एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को नियमितिकरण पॉलिसी में शामिल किया जाए : अजीत फौजी

- हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की जिला कमेटी की मीटिंग में उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की जिला कमेटी की बैठक मॉडल टाऊन स्थित संगठन कार्यालय में जिला प्रधान अजीत फौजी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला कैशियर सुशील शर्मा ने किया। इसमें हाईकोर्ट द्वारा कच्चे कर्मचारियों के नियमितिकरण की पॉलिसी को लेकर सरकार को दिए गए निर्देश पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान अजीत फौजी ने बताया कि विभाग में कार्यरत एमपीडब्ल्यू कर्मचारी पहले टर्म अप्वाइंटी के नाम से जनस्वास्थ्य विभाग में 2006 में लगे थे। हाईकोर्ट के आदेशानुसार ये कर्मचारी पॉलिसी नंबर 1 व नंबर 2 में कहीं भी नहीं दर्शाए गए हैं, जबकि यह सभी कर्मचारी जल वितरण योजना के तहत लगे थे और आज भी जल वितरण योजना के तहत सुचारू रूप से अपने पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को जल वितरण योजना के पद का दावेदार मानते हुए नियमितिकरण पॉलिसी में शामिल किया जाए। बैठक में संगठन के मुख्य सलाहकार सत्यवान बधाना, संगठन मंत्री चांदराम चहल, वरिष्ठ उपप्रधान बंटी सैणी, सलाहकार सुनील बरवाला, हिसार ब्रांच प्रधान सुरेश लाम्बा, चेयरमैन रमेश पूनिया, हिसार ब्रांच सचिव मनीष रोहिल्ला व अनिल भोजराज आदि भी उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण गोशाला में वार्षिक महोत्सव व मकर संक्रांति पर्व मनाया

# गाय में सभी देवी-देवताओं का वास : श्रवण गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीकृष्ण गोशाला, गोसंवर्धन एवं अनुसंधान केंद्र का 12वां वार्षिक महोत्सव एवं मकर संक्रांति महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। केशव माधव धाम ट्रस्ट द्वारा गांव काबरेल में स्थित श्रीकृष्ण गोशाला में आयोजित इस महोत्सव में हरियाणा गोसेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि गर्ग ने कहा कि गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए गाय को गोमाता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि गोमाता की सेवा करना हर इंसान का परम कर्तव्य होना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य शंकरलाल के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव में पंजाब प्रांत गोसेवा संयोजक एवं अखिल भारतीय गोकथा सह प्रशिक्षण प्रमुख चंद्रकांत मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने गोसेवा व गोसंवर्धन से संबंधित विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करके गायों की यथासंभव सेवा व संभाल के लिए प्रेरित किया।




**हिसार।** अतिथियों को सम्मानित करते श्रीकृष्ण गोशाला के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर डॉ. अमित महता, डॉ. रविंद्र गुप्ता, डॉ. अनुराग बिश्नोई, शांतिदेवी अग्रवाल, डॉ. अंकुर कामरा, ऋषभ सिंगल एचसीएस, तरुण जैन व नवीन अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा की जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, कृष्ण बिश्नोई, प्रवीन पोपली, कृष्ण गोरखपुरिया, डॉ. जगबीर सिंह कमिश्नर सूचना आयुक्त, आनंद प्रकाश गुप्ता, नवीन बेनीवाल, कमल बंसल, हीरा देवी, कुलदीप डेलू बिश्नोई, बलजीत नंबरदार, सतपाल गोस्वामी, कमल सर्राफ गोशाला अध्यक्ष, सचिव अश्वनी लाहौरिया, मोहित बंसल कोषाध्यक्ष, सह सचिव राहुल अग्रवाल, सुवंश, रणधीर, सुरेश भाकर, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### किरतान में चलाया सफाई अभियान

**हिसार।** नेहरू युवा केंद्र एवं आजाद हिंद युवा क्लब द्वारा गांव किरतान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव के पंचायत घर, मंदिर तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों से कूड़ा एकत्रित किया गया। क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बनता है कि वे अपने घर व आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। इस अवसर पर अनीता, पूजा, रमेश, दीपिका, सरोज बाला, मनवीर बुगालिया, गोल्लू, राहुल, परमजीत, प्रोमिल आर्य तथा प्रियंका आदि उपस्थित थे।

### रोजगार मेले का आयोजन 18 को

**हिसार।** मॉडल करियर सेंटर कम मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा 18 जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां भाग ले रही हैं। मॉडल कैरियर सेंटर कम मंडल रोजगार कार्यालय की सैंटर मैनेजर सुनील कुमारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की सिक्योरिटी स्किल काउंसिल इंडिया लिमिटेड, टाईम्स-परो, गणपत बायो टैक, पुखराज हैल्थ केयर तथा एलआईसी इंडिया आदि कंपनी भाग ले रही हैं।

### उकलाना तहसील में कार्यक्रम का आयोजन

**उकलाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा उकलाना नगर पालिका के तहत तहसील परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष डां आशा खेदड़ ने शिरकत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से आज सारा देश लाभ वंतित हो रहा है किसी भी काम की हम बात करें तो यात्रा में कोई भी वंचित व्यक्ति अपनी योजनाओं का लाभ ले सकता है मौके पर नगर निगम एसएसपी प्रदीप हुड्डा, नगर पालिका अध्यक्ष सुशील साहू वाला, सचिव संदीप आदि मौजूद थे।

### नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर कार्रवाई

**हांसी।** नशे का अवैध कारोबार व शराब बेचने के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर थाना हांसी पुलिस ने 35 बोतल अवैध देशी शराब सहित आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी चारकुतुब गेट निवासी रोहित के कब्जे से 24 बोतल व रामसिंह कॉलोनी निवासी कपिल के कब्जे से 11 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की गई है। 22 बोतल अवैध देशी शराब सहित जिले सिंह वासी खरबला व विनोद वासी भकलाना, 29 बोतल अवैध देशी शराब सहित शेखर वासी उमरा, कृष्णा वासी डाटा व संदीप वासी थिराए तथा 70 लीटर लाहन सहित रणबीर वासी गैबी नगर व शमशेर वासी कापड़ो को काबू किया।

### ओम नारायण गिरी गोशाला में किया हवन

**नारनौंद।** कस्बे के खांडा रोड पर स्थित ओम नारायण गिरी गौशाला में पावन पवित्र मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर हवन कर कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर रागनी गायकों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्र मुक्त किया। इस अवसर पर युवा नेत्री सोनिया दुहन ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने युवाओं को नशे से बचने के लिए प्रेरित किया।

---

### लघु सचिवालय कॉलोनी पार्क समिति ने मनाया कार्यक्रम

# मकर संक्रांति पर महक उठी हरियाणवी लोक कला

### हरियाणवी गीतों पर झूम उठी महिलाएं, मकर संक्रांति पर रेवड़ी व मूंगफली वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कार्यक्रम में बुजुर्ग महिला के पैर दबाकर आशीर्वाद लेती महिला। फोटो: हरिभूमि

लुप्त होती हरियाणवी परंपराओं को पहचान दिलाने और जिंदा रखने की मुहिम में लघु सचिवालय कॉलोनी पार्क समिति ने मान-मनुहार और दान के त्योहार लोहड़ी व मकर संक्रांति को पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्क समिति के प्रधान बजरंग लाल श्योराण मुख्य अतिथि रहे जबकि अध्यक्षता मास्टर रामकुमार कुंडू ने की। मकर संक्रांति के अवसर पर घर आंगन की चारदीवारी के अंदर निभाई जाने वाली मान-मनुहार की रस्मों का सजीव मंचन किया गया। दिलेर हरियाणा संस्था से जुड़ी महिलाओं ने अपने बुजुर्गों चाचा-चाची, सास-ससुर, जेठ-जेठानी की मान सम्मान करने की हरियाणवी परंपराओं को देसी अंदाज में जीवंत करके दिखाया। इस दौरान महिलाओं ने हरियाणवी वेशभूषा पहनकर इस अवसर पर गाए जाने वाले गीतों को गाकर नृत्य किया। महिलाएं अपने बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर भूलवश हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगने की परंपरा को दर्शाया गया।

इस दौरान दान दक्षिणा की रीति रिवाजों को व्यावहारिक रूप देकर बुजुर्ग महिलाओं को मनाया। पार्क समिति के अध्यक्ष बजरंग श्योराण और अन्य समिति सदस्यों ने महिलाओं को शाल ओढ़ाकर और पुरुषों को पगड़ी पहना सामाजिक दृष्टि से आदर्श प्रस्तुत किया जिससे युवा पीढ़ी को अपने बुजुर्गों के प्रति मान सम्मान करने का दृष्टिकोण पैदा हो।

#### इनको किया सम्मानित

उत्सव में 100 वर्षीय शांति देवी, रोशनी, नौरंगी, बिरमा, शकुंतला, बाला मामो, रामरति, कमलेश केलापति, मीरा,फूली, औमी, चंद्र, कृष्णा, सुदेश सहित 100 मातृशक्ति वृद्ध महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में समिति ने पार्क के माली ओमप्रकाश और बिट्टू को चादर भेंट कर सम्मानित किया। संतोष देवी के ठेठ देशी अंदाज में मंच संचालन की सबने सराहना की। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी के सचिव सुरेन्द्र श्योराण, रामकुमार, जयवीर, पृथ्वी, सरोज, कमलेश इंदू, कविता, सुनीता, ज्योति, गुड्डी, पूनम,मीना, सुदेश, रीना, संतोष आदि महिलाओं ने कार्यक्रम प्रबंधन का काम किया।

---

# रमेश श्योकंद हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। सेवानिवृति पर रमेश श्योकंद का स्वागत करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश श्योकंद सेवानिवृत हो गए हैं। उनकी जगह अमित महराणा को हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ का कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले सोमवार को रोडवेज प्रांगण में रमेश श्योकंद की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा हिसार व डिपो कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने रमेश श्योकंद के साथ बिताए पलों को याद किया और विभाग व कर्मचारियों के हित में किए गए उनके संघर्ष की विस्तार से चर्चा की। तत्पश्चात सेक्टर 1-4 के सामुदायिक केन्द्र में रमेश श्योकंद का सेवानिवृति समारोह आयोजित किया गया।

सेवानिवृति के इस कार्यक्रम में जननायक जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, चेयरमैन राजेन्द्र लितानी, जननायक कर्मचारी मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव मंदोला व प्रदेश प्रधान महासचिव सुरेश पाठक शामिल हुए। इस अवसर पर हिसार डिपो सांझा मोर्चा की ओर से मुख्य रूप से डिपो प्रधान अजय दुहन, राजबीर दुहन, राजकुमार चौहान, दर्शन जांगड़ा, सुभाष ढिल्लो, अरूण शर्मा, नरेन्द्र सोनी, अमित जुगलान, सुरेश स्याहड़वा, जितेन्द्र शर्मा व सलीम सरसौद सहित सैंकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।



## खेदड़ ने गोरछी को हराकर जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**बरवाला।** गांव खेदड़ में मकर संक्रांति के अवसर पर आठवां ग्रामीण खेल मेला बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस खेल मेले में मुख्य रूप से महिलाओं की दौड़, बुजुर्गों की दौड़, छोटे बच्चों की दौड़, बोरी दौड़, मटका दौड़, नींबू चम्मच दौड़ और लड़कियों की नेशनल कबड्डी करवाई गई। इस मेले में ठेठ ग्रामीण महिलाओं की कबड्डी हुई जिसको पूरे गांव ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि ठेकेदार अनिल सहारण ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। कबड्डी मे प्रथम स्थान पर गांव खेदड की टीम रही और दूसरे स्थान पर गोरछी की टीम रही। रस्साकशी में सुनीता की टीम प्रथम स्थान पर और कमलेश की टीम दूसरे स्थान पर रही। इस मौके पर खेल के संयोजक सुभाष चंद, पूर्व सरपंच शमशेर सिंह, रीमन नैन, डीपीई सतीश, डीपीई संदीप, डीपीई कुसुम, सत्यवान आदि मौजूद थे।

### 132 वाहन चालकों के किए चालान

**हिसार।** पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत जिलेभर में नाकाबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की। पुलिस अधिकारी और कर्मचारी नाकों पर तैनात रहे। पुलिस ने लगभग 1079 वाहन चेक कर ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 132 वाहन चालकों के चालान किए। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने स्वयं नाकों को चैक किया और नाकों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस ने धुंध के समय यातायात नियमों और लेन ड्राइविंग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर की मुख्य सड़कों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस ने 1079 के लगभग वाहन चेक किए।

---



## पूरे विधि-विधान से दक्षिण भारतीय शैली में मनाया माता गोदांबा कल्याणोत्सव

**हिसार।** सांस्कृतिक सामंजस्य व अध्यात्म की अलख जगाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव पूरे विधि-विधान से और धूमधाम से आयोजित किया गया। दक्षिण भारतीय शैली में आयोजित किए गए गोदांबा माता के विवाहोत्सव में कड़कती ठंड के बावजूद हिसार सहित विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। माता गोदांबा के धनुर्मास के समापन पर आयोजित किए गए माता गोदांबा विवाह महोत्सव में पूरे श्रद्धाभाव के साथ पाणिग्रहण संस्कार किया गया। इस महोत्सव की छटा देखकर दक्षिण भारतीय कल्याणोत्सव की झलक स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुई। विवाह महोत्सव के दौरान भगवान श्री वेंकटेश्वर व माता गोदांबा धाम के जगमोहन में विराजमान हुए और दक्षिण भारतीय रीति-रिवाज के अनुसार कल्याणोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तजन जय गोविंदा, तिरुपति बालाजी की जय, जय वेंकटेश्वर एवं जय माता गोदांबा के जयघोष करते रहे। कल्याणोत्सव के उपरांत सभी श्रद्धालुओं में भोजन प्रसादी का वितरण किया गया

# पर्वतारोही रीना भाटी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। रीना भट्टी को सम्मानित करते सजग प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

सामाजिक संस्था सजग व उससे जुड़ी सभी संस्थाओं ने पर्वतारोही रीना भाटी को पर्वतारोहण में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियां प्राप्त करने पर सम्मानित किया। यूटी कांगड़ी विंटर लद्दाख कांगड़ी शिखर जिसकी ऊंचाई 6070 मीटर की ऊंचाई पर तिरंगा फहराकर हिसार आने पर रीना भट्टी को सोमवार को सजग के प्रदेशाध्यक्ष व यज्ञ हवन विश्व कल्याण के अध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल ने सजग के कार्यालय वास्तु हब पर पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रीना भाटी ने बताया कि 2019 में पर्वतारोहण आरंभ करने से लेकर अभी तक अनेक कीर्तिमान स्थापित किए व देश व विदेश के अनेक पर्वतों की ऊंचे शिखर पर फतह हासिल की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2022 को 24 घंटे के भीतर भारतीय ध्वज फहराकर माउंट एल्ब्रश को पश्चिम 5642 मीटर और पूर्व 5621 मीटर की ओर से फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी। केवल 70 घंटे में दो सबसे ऊंची चोटियों माउंट कांग यात्से 6270 मी और माउंट डेजो जांगो वेस्ट फेस 6240 मीटर पर चढ़ने वाली पहली राज्य महिला बनी। दुनिया की सबसे लंबी रीले रेस अगेंस्ट डिप्रेशन की सदस्य बनी। एक साथ 10000 पुश अप्स करने पर ऑक्सफोर्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सम्मानित किया।

## पेटीएम के जरिए चालान का भुगतान कर सकेंगे वाहन चालक

**हिसार।** यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जहां पुलिस ने मोबाइल चालान शुरू किए हैं वहीं अब पेटीएम के माध्यम से चालान भरने की सुविधा भी हरियाणा पुलिस ने शुरू कर दी है। पहले ये चालान केवल नकद राशि के माध्यम से ही भरे जाते थे। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने बताया कि हरियाणा पुलिस की तरफ से आमजन को पेटीएम ऐप की सहायता से ट्रैफिक चालान का भुगतान करने की सुविधा प्रदान की गई है। जब चालक ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करते हैं तो विवादों से बचने और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा यातायात पुलिस की तरफ से यह पहल की गई है।

#### ऐसे होगा भुगतान

पेटीएम से चालान भरने के लिए अपने स्मार्टफोन पर पेटीएम ऐप के माध्यम से अपने चालान का भुगतान करने के लिए ऐप्लीकेशन खोलकर शुरुआत करें। रिचार्ज और बिल भुगतान अनुभाग का चयन करें, चालान का पता लगाने और चयन करने के लिए नीचे स्क्रॉल करें, दिखाई देने वाले विकल्पों में से प्रासंगिक यातायात प्राधिकरण के रूप में ट्रेफिक पुलिस चुनें, आवश्यक विवरण दर्ज करें, जैसे आपका चालान नंबर, वाहन पंजीकरण नंबर या ड्राइविंग लाइसेंस नंबर। जुमार्ना राशि के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ें पर क्लिक करें और भुगतान करें।

---

# विक्रांत दूहन के वायरलेस सेंसर नोड पर किए गए अविष्कार को मिला पेटेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





विक्रांत दूहन, भारत सरकार से मिला पेटेंट प्रमाण पत्र। फोटो: हरिभूमि

जिला के गांव पेटवाड़ निवासी एवं हाल में हिसार के लाजपत नगर में रहने वाले विक्रांत दूहन के सोलर पावर से चलने वाले वायरलेस सेंसर नोड पर किए गए अविष्कार को पेटेंट मिल गया है। यह उपलब्धि हासिल कर विक्रांत दूहन ने हिसार व हरियाणा का नाम रोशन किया है। लाजपत नगर निवासी विक्रांत दूहन जो इस समय राजस्थान में पीएचईडी विभाग में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं, ने सोमवार को बताया कि उन्होंने आईआईटी मंडी में 2015-17 बैच में एम.टेक एनर्जी इंजीनियरिंग की थी। इस दौरान उन्होंने शोध कर सोलर पावर से चलने वाला वायरलेस सेंसर नोड बनाया था। इस नोड की विशेषता यह है कि इसे इंडोर एप्लीकेशन के लिए डिजाइन किया गया है। इसे बिल्डिंग में कहीं भी इंस्टॉल किया जा सकता है और इसकी मदद से उस बिल्डिंग को स्मार्ट बिल्डिंग बनाया जा सकता है। इसके माध्यम से बिल्डिंग के टेंपरेचर को कंट्रोल करना व लाइटिंग को कंट्रोल किया जा सकता है। यह नोड इंटरनेट की मदद से रियल टाइम में डाटा को सेंट्रल कंट्रोल रूम तक पहुंचता है, जहां से बिल्डिंग का कंट्रोल सिस्टम एचवीएसी सिस्टम और लाइटिंग सिस्टम को कंट्रोल करता है। इस तकनीक को एग्रीकल्चर और सिक्योरिटी में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। पेटेंट कार्यालय भारत सरकार द्वारा इस अविष्कार के लिए इसके अविष्कारकर्ता को पेटेंट प्रदान किया है। अविष्कार में आईआईटी मंडी के सहायक प्रोफेसर सत्वशील पावार व सहायक प्रोफेसर तुषार जैन उनके साथ शामिल रहे हैं।

### राष्ट्र निर्माण में युवाओं की मुख्य भूमिका

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लडकों के छात्रावास-4 में युवा दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया अध्ययन संकाय के डीन प्रो. मनोज दयाल समारोह के मुख्य अतिथि रहे। प्रो. मनोज दयाल ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में अवगत कराया तथा कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की मुख्य भूमिका है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. योगेश चाबा कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रहे। मुख्य वार्डन प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने में आत्म-अनुशासन, कड़ी मेहनत और समर्पण अत्यन्त आवश्यक है। हॉस्टल वार्डन डॉ. मनोज कुमार ने स्वागत संबोधन दिया।

# तीन शीर्ष विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ जीजेयू का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को काऊंसिल द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र सौंपते डॉ. सुमित सरोहा। फोटो: हरिभूमि

इन्नोवेशंस इंस्टिट्यूट काउंसिल (आईईसी) की ओर से इनोवेटिव भारत के तहत हुए क्षेत्रीय सम्मेलन में गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को शीर्ष तीन विश्वविद्यालयों में घोषित किया गया है। यह वार्षिक सम्मेलन उत्तर भारत के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लिए अमेटी विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी और कहा कि ऐसे ही हम सबको एकजुट होकर विश्वविद्यालय को और अधिक बुलंदियों पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिष्ठित मंच पर शीर्ष तीन विश्वविद्यालयों में शामिल होना विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। पंडित दीनदयाल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के उपनिदेशक डॉ. सुमित सरोहा ने सोमवार को काऊंसिल द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई को सौंपा।

---

## सब्जी मंडी के व्यापारियों के लिए बनाई गई नई प्रणाली वापस ले सरकार: गर्ग

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा है कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड ने सब्जी मंडी के व्यापारियों पर 40 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर जो नई स्लैब प्रणाली बनाई है, वह सरासर गलत है। इसमें हर साल 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाकर देना होगा और बिना माल बेचे ही एडवांस टैक्स भरवाने का फरमान जारी किया है। सब्जी मंडी के व्यापारियों से बातचीत करने उपरांत बजरंग गर्ग ने कहा कि जब व्यापारी ने माल बेचा ही नहीं तो एडवांस टैक्स भरवाने का नियम गैर कानूनी है। सरकार ने तानाशाही फरमान वापिस नहीं लिया तो हरियाणा सब्जी मंडी बंद करके व्यापारी सड़कों पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सब्जी व फलों पर से पूरी तरह मार्केट फीस व एचआरडीएफ हटाया था, मगर इस सरकार ने सब्जी व फलों पर फिर से मार्केट फीस व एचआरडीएफ लगाकर गरीबों के मुंह का निवाला छीनने का काम किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

### कांग्रेस संदेश यात्रा के दौरान विभिन्न स्थलों पर होंगी जनसभाएं

# सैलजा, रणदीप व किरण संदेश यात्रा की करेंगे शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के मिल गेट स्थित नई सब्जी मंडी से 17 जनवरी से शुरू होने वाली कांग्रेस संदेश यात्रा के प्रति पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

- कांग्रेस संदेश यात्रा के प्रति पदाधिकारी व कार्यकर्ता उत्साहित

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा, सीडब्ल्यूसी के सदस्य रणदीप सुरजेवाला व विधायक किरण चौधरी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संदेश यात्रा की शुरुआत करेंगे। संदेश यात्रा हरियाणा के सभी 10 संसदीय क्षेत्रों में निकाली जाएगी।

इसके माध्यम से वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि नई सब्जी मंडी से शुरू होकर संदेश यात्रा मिल गेट, रविदास छात्रावास, कांग्रेस भवन, लघु सचिवालय व आजाद नगर से होते हुए गांव चौधरीवास पहुंचेगी। चौधरीवास में जनसभा को संबोधित करने के बाद अगला पड़ाव गांव मंगाली में रहेगा।



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल व अन्य नेता। फोटो: हरिभूमि

#### मंगाली की जनसभा के उपरांत सभी नेता व यात्री हिसार में करेंगे विश्राम

एडवोकेट खोवाल ने बताया कि 17 जनवरी को मंगाली की जनसभा के उपरांत सभी नेता व यात्री हिसार में विश्राम करेंगे। अगले दिन 18 जनवरी को गांव चिकनवास से संदेश यात्रा की शुरुआत होगी। इस दौरान विभिन्न स्थलों पर रोड़ साइड कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 20 दिसंबर से भिवानी में तीन दिवसीय संदेश यात्रा आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत अन्य जिलों में संदेश यात्रा प्रस्थान करेगी। इस मौके पर हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामनिवास राड़ा, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मुकेश सैनी, कुलबीर सिंह सोहेल व सुभाष वर्मा भी उपस्थित रहे।

### हत्या प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने ढाणी किशनदत्त निवासी शुभम उर्फ काकू पर जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें टिब्बा दानाशेर निवासी सुनील उर्फ हनुमान व नरेंद्र नागर शामिल है। पुलिस ने उनसे वारदात में प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्तोल, 31 जिंदा कारतूस और दो चले हुए कारतूस बरामद किए है। चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुंडू ने बताया कि 12 क्वार्टर पुलिस चौकी में ढाणी किशनदत्त निवासी शुभम उर्फ काकू ने शिकायत दी कि वह 13 जनवरी की रात में करीब 10 बजे अपने दोस्त सचिन को गली नंबर-18 में छोड़कर अपने घर की तरफ जा रहा था। जब 12 क्वार्टर श्मशान घाट के पास पहुंचा तो वहां एक गाड़ी पहले से खड़ी थी। उसमें तीन व्यक्ति सवार थे, जिनमें से एक सुनील उर्फ हनुमान बाहर आकर खड़ा हुआ था। उसने उसे रोका और अपशब्द बोलने लगा।